Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 22 December 2019
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-11 Issue - 29

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**News of the Week** उत्तर भारत में कई दिनों से कहर ढा रही ठंड जानलेवा बन गई है। उत्तर प्रदेश में ठंड से 28, झारखंड में आठ और बिहार में 11 लोगों के मरने की खबर है। कोहरे से रेल, सड़क और वायु यातायात बुरी तरह प्रभावित है।

**Inside Ghaziabad**

पेज नंबर 3
161 गांव के लोगों को सिखाया जाएगा सफाई का तरीका

पेज नंबर 5
Subsidised rates for tests at government...

# परमानंद वाटिका वसुंधरा में लगाई गई दो बेंच

## रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने की थी पार्षद से बेंच लगवाने की मांग

वसुंधरा : सेक्टर–12 वसुंधरा की ग्रीन बेल्ट में स्थित परमानंद वाटिका में लोगों की सुविधा के लिए पार्षद द्वारा दो बेंच लगाई गई है। बेंच लगने से परमानंद वाटिका में आने वाले लोगों को काफी फायदा मिलेगा। वाटिका में बेंच न होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको देखते हुए रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज कुमार भार्गव ने स्थानीय पार्षद अरविंद चौधरी को पत्र लिखकर परमानंद वाटिका में बेंच व लाइट लगवाने की मांग की थी। जिस पर पार्षद ने वाटिका में दो बेंच लगवा दी है। डा.भार्गव ने



बताया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले इसको लेकर वाटिका को विकसित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए है साथ ही लोगों को अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही है। वहीं पार्षद अरविंद चौधरी ने कहा कि वे अपने क्षेत्र की सभी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर तैयार रहते है। परमानंद वाटिका में बेंच लगाने की काफी दिनों से मांग की जा रही थी। जिसको देखते हुए यहां दो बेंच लगा दी गई है। डा.भार्गव ने बताया कि परमानंद वाटिका में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आम, अमरूद, चीकू व आड़ू आदि के करीब 85 पौधे लगाए जा चुके है। जिनकी देखरेख भी क्लब द्वारा की जा रही है। क्लब जितने भी पौधे लगाएगा उन्हें मरने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वसुंधरा में प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए सभी को पौधे लगाने चाहिए। जिससे वायु प्रदूषण को कम किया जा सकें।

**TIRUPATI EYE**

## 31 तक कोर्ट बंद, नए साल पर सुनवाई

गाजियाबाद : कोर्ट में 25 से 31 दिसंबर तक सर्दियों की छुट्टी रहेंगी। इसके चलते सभी कोर्ट बंद रहेंगी, लेकिन इस दौरान केवल रिमांड मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है, जोकि छुट्टियों के दौरान पुलिस व सीबीआइ द्वारा पेश किए जाने वाले आरोपितों के मामले की सुनवाई करेंगे। वहीं, वकीलों का कहना है कि अब नए साल पर एक जनवरी को ही कोर्ट खुलेंगे, जिसके बाद से लगातार केसों की सुनवाई होगी।

## अधिकारी पर पांच हजार लेने का आरोप

गाजियाबाद : एक महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए डूडा के एक अधिकारी पर पांच हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि अधिकारी ने डूडा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दिलाने के लिए उससे यह रकम मांगी थी, जिसके बाद से वह फरार हो गया है।

## जीडीए के दो अवर अभियंता निलंबित

गाजियाबाद : अवैध निर्माण के मामले में शासन ने जीडीए के दो अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। इस मामले में जांच अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपी गई है। कुछ महीने पहले जीडीए ने इंदिरापुरम और राजेंद्रनगर इलाके में अवैध फ्लैट के निर्माण के मामले में एक दर्ज अवर अभियंताओं को निलंबित करने की संस्तुति शासन को भेजी थी। इस पर शासन ने दो अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया है।

## एलिवेटेड रोड को डीएनडी तक विस्तार देने की डीपीआर तैयार

गाजियाबाद : हिंडन एलिवेटेड रोड को डीएनडी तक विस्तार देने की डीपीआर बन कर तैयार हो गई है। सलाहकार एजेंसी ने डीपीआर जीडीए को सौंप दी है। इसमें विस्तार की लागत 1298 करोड़ रुपये बताई है। इसे पीपीपी मॉडल पर बनाने का निर्णय पहले ही हो चुका है। जो कंपनी इसे बनाएगी, उसे टोल वसूलने का अधिकार दिया जाएगा। वर्तमान में हिंडन एलिवेटेड रोड राजनगर एक्सटेंशन करहेड़ा से शुरू होकर एनएच–नौ यूपी गेट पर खत्म होती है। इसकी लंबाई 10.30 किलोमीटर है। यूपी गेट से हिंडन नहर किनारे इसे डीएनडी फ्लाईओवर तक इसका निर्माण प्रस्तावित है। यहां तक रोड को 7.565 किलोमीटर का विस्तार देना होगा। ऐसा होने पर एलिवेटेड रोड की लंबाई बढ़ कर 17.865 किलोमीटर हो जाएगी। इसी रास्ते एलिवेटेड रोड का विस्तार सबसे आसान है। यहां जमीन खरीदने की जरूरत नहीं है। चिल्ला रेगुलेटर इसके पास ही है। हिंडन एलिवेटेड रोड से जाने वाले चिल्ला रेगुलेटर के रास्ते नोएडा प्राधिकरण की प्रस्तावित एलिवेटेड रोड बनने के बाद उसका भी फायदा उठा सकेंगे। इसके रास्ते वह एनएचएआइ के प्रस्तावित सहारनपुर एक्सप्रेसवे तक पहुंच सकेंगे। जीडीए के अधिकारी ने बताया कि जल्द डीपीआर पर वीसी से चर्चा के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

## Dug for a year, expressway link soon for key Ghaziabad road

**GHAZIABAD:** Dug up for a year, the half a kilometre stretch of NH9 at Kala Patthar is likely to be completed by the end of the year, the National Highways Authority of India has said. The excavated stretch that has cut off the road into Indirapuram from Kala Patthar has led to problems galore for commuters. The highway, which has been widened before and after this stretch has a sharp diversions here that suddenly slows down fast-moving traffic coming from the UP Gate side, leading to snarls in peak hours. At night, when there is less traffic, it poses an accident risk as no lights have been installed on the stretch yet, motorists complain. Shuvam, a daily commuter, said the stretch becomes dangerous after dark as the fluorescent signage pasted on barriers is hardly visible. "It is the ultimate test of your driving skills because if you miss the signage at the curves, you will straight away crash into one of it," he said. NHAI project director RP Singh said that work on the stretch was being taken up in a phased manner. "We have almost wrapped up work on other points but only this part has remained.

## शिकायतों का निपटारा न करने पर चार अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा

गाजियाबाद : ऑनलाइन शिकायतों की साइट आइजीआरएस को कई अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उनकी लापरवाही के चलते आइजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में गाजियाबाद प्रदेश में 14वें स्थान पर पहुंच गया है। यह स्थिति तब है कि जब लगातार आलाधिकारियों द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के समयबद्धता के साथ निस्तारण के लिए कहा जा रहा है। प्रदेश में जिले का बेहतर प्रदर्शन नहीं होने पर जिले के चार अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई है। इस पर डीएम ने चारों अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। यदि एक सप्ताह के भीतर अधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की जाएगी। एडीएम प्रशासन जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय द्वारा वाणिज्य कर के उपायुक्त एवं आइजीआरएस के नोडल अधिकारी रविंद्र कुमार द्विवेदी, महाप्रबंधक जल नगर निगम एवं आइजीआरएस के नोडल अधिकारी वीके सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग एवं आइजीआरएस के नोडल अधिकारी नीरज कुमार और उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के संपत्ति प्रबंधक यूपी हाउसिंग डवलपमेंट हेतमपाल सिह को नोटिस जारी किया गया है।

## भाजपा के पांच मंडल अध्यक्ष किए गए घोषित

गाजियाबाद : भाजपा के महानगर के पांच मंडल अध्यक्षों की घोषणा प्रदेश नेतृत्व द्वारा मंगलवार को कर दी गई। इसमें राजनगर मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, गांधीनगर मंडल दयानंद बंसल, भौपुरा मंडल कुलदीप कसाना, क्रॉसिंग मंडल विनोद त्यागी व विजयनगर मंडल का अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी को बनाया गया है। चार मंडलों के अध्यक्षों की अभी घोषणा नहीं हुई है। सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत मंगलवार शाम महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा द्वारा माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर पप्पू पहलवान आदि मौजूद रहे।

## मीटर की कमी के चलते दो हजार विद्युत कनेक्शन लंबित

गाजियाबाद : पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम (पीवीवीएनएल) में पिछले काफी समय से सिंगल फेस विद्युत मीटर का टोटा चल रहा था, जो धीरे–धीरे दूर होने लगा है। हाल ही में मिले कुछ मीटर की वजह से कुछ आवेदकों को कनेक्शन जरूर मिले हैं, लेकिन अभी करीब दो हजार उपभोक्ताओं को मीटर आने तक विद्युत कनेक्शन के लिए इंतजार करना पड़ेगा। पीवीवीएनएल के 14 जिलों में पिछले काफी समय से इक्षसगल फेस विद्युत मीटर की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता नहीं है। बता दें कि जिले भर में प्रतिदिन 450 से 500 लोग एक से चार किलोवाट में इक्षसगल फेस कनेक्शन के लिए आवेदन करते हैं। मीटर उपलब्ध न होने के कारण लोगों को विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पा रहे। ऐसे करीब दो हजार से अधिक आवेदकों को तमाम प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद मीटर लगने का इंतजार है। अभी एक हजार से अधिक कनेक्शन का निरीक्षण नहीं किया जा सका। निगम के पास मीटर की कमी होने के चलते नए कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे करीब दो हजार से अधिक कनेक्शन हैं, जो मीटर की उपलब्धता न होने के कारण लंबित चल रहे हैं।

## थाने के मुंशी पर अवमानना का आरोप, कोर्ट ने जारी किया नोटिस

गाजियाबाद : कोर्ट ने साहिबाबाद थाने में तैनात एक मुंशी पर कोर्ट की अवमानना का मामला मानते हुए नोटिस जारी किया है। आरोप है कि कोर्ट ने एक बाइक को थाने से रिलीज करने का साहिबाबाद पुलिस को आदेश दिया था। पुलिस थाने के मुंशी ने कोर्ट के आदेश को नहीं माना और उसे फेंक दिया, जिसके बाद मुंशी ने व्यक्ति से पांच हजार रुपये की मांग भी की। बाइक के मालिक ने इस मामले की कोर्ट में आकर शिकायत की, जिसके बाद कोर्ट ने अवमानना का मामला मानते हुए थाने के मुंशी कृष्णपाल के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

## जिले के 161 गांव के लोगों को सिखाया जाएगा सफाई का तरीका

गाजियाबाद : जनपद के 161 गांवों के ग्रामीणों को सफाई का तरीका सिखाया जाएगा। एक हजार लोगों की टीम गांवों में जाकर ग्रामीणों को ट्रेनिंग देगी। गदंगी से होने वाले नुकसान और उसके निस्तारण की जानकारी दी जाएगी। जिसके बाद जनपद के गांवों को शहर से ज्यादा स्वच्छ बनाने का काम किया जाएगा। कूड़ा निस्तारण सबसे बड़ी समस्या है। इससे स्वच्छता सर्वेक्षण में जिला पिछड़ सकता है। पिछले दिनों गांवों में कूड़ेदान रखवाए गए थे। ग्रामीणों को जागरूक किया गया था कि वह कूड़ेदान में ही कूड़ा डालें। लेकिन अब कूड़ा निस्तारण के लिए डंपिंग ग्राउंड की समस्या उत्पन्न हो गई। इस समस्या से निपटने के लिए कूड़े से खाद बनाने की तैयारी शुरू की गई। जिसके लिए जरूरी था कि ग्रामीण कचरा अलग–अलग कर कूड़ेदान डालें। लेकिन ग्रामीणों को कूड़ा अलग करने की जानकारी नहीं है। ग्रामीणों को कूड़ा अलग करने और स्वच्छता के प्रति उनकी सोच बदलने के लिए शासन स्तर से पहल शुरू की गई है। इसके लिए जिला पंचायत राज विभाग के तीन अधिकारियों को लखनऊ में गांवों को स्वच्छ बनाने की ट्रेनिंग दी गई है। ये तीनों अधिकारी एक हजार कर्मचारियों को स्वच्छता की ट्रेनिंग देंगे। इनमें एएनएम, आंगनबाड़ी, आशा, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान समेत अन्य कर्मचारी शामिल हैं। ट्रेनिंग में 16 प्रकार का कूड़ा अलग करने के बारे में बताया जाएगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। जिला विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ में जिला पंचायत राज विभाग के तीन अधिकारियों को स्वच्छता की ट्रेनिंग दी गई है। तीनों अधिकारी अब यहां पर एक हजार अधिकारी व कर्मचारियों को ट्रेनिंग देंगे। इसके बाद सभी ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।



### स्वच्छता को आदत में करेंगे शामिल

लोग कचरा कहीं भी फैला देते हैं। खाने–पीने के बाद कूड़ा सड़कों पर डाल देते हैं। साफ–सफाई के लिए एक दूसरे से झगड़ा करते हैं। ट्रेनिंग देकर उनकी इसी सोच को बदला जाएगा। इससे गांवों को स्वच्छ बनाने का सपना साकार हो पाएगा।

## पीएम आवास योजना में पैसे लेने पर एक के खिलाफ एफआइआर

गाजियाबाद : प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में मकान बनवाने में धनराशि दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा दो लोगों से रकम लेने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने जब जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। इस पर जिलाधिकारी के आदेश पर पीओ डूडा ने आरोपित व्यक्ति के खिलाफ मसूरी थाने में एफआइआर दर्ज कराई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आरोपित व्यक्ति से रिश्वत में ली गई रकम भी वसूलने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने डूडा कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए हैं ताकि समय समय पर डूडा कार्यालय में चल रही गतिविधियों की जांच की जा सके। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि मंगलवार को कलक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान रेखा कुशवाहा पत्नी गंगाराम द्वारा शिकायत की गई कि डूडा विभाग में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में गरीब व्यक्तियों को मकान बनवाने के लिए ढाई लाख रुपये की सहायता के लिए आवेदन पत्र दिया गया था। इसके बाद उनसे अजय नामक व्यक्ति जिसका असली नाम रूद्र है ने संपर्क किया और योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पांच हजार रुपये ले लिए। इसके बाद अजय ने उनके पड़ोसी से भी फार्म भरवाने के नाम पर तीन हजार रुपये लिए।

## पांच माह की ट्रेनिंग पर आए आइपीएस संदीप

गाजियाबाद : 2018 बैच के आइपीएस संदीप कुमार मीना पांच माह की ट्रेनिंग के लिए गाजियाबाद आए हैं। यहां उन्हें एसएचओ व सीओ के पद पर तैनाती के साथ कई अलग–अलग ट्रेनिंग दी जाएगी। राजस्थान में दौसा के रहने वाले संदीप कुमार मीना ने बीए और एमए के बाद राजस्थान प्रशासनिक सेवा में दो साल सेवाएं दीं। इससे पहले वह नेट जेआरएफ भी क्लियर कर चुके थे। संदीप के मुताबिक वह हमेशा से आइपीएस बनना चाहते थे, क्योंकि पुलिस अधिकारी पब्लिक के सबसे नजदीक होते हैं। इसमें कई चुनौतिया हैं, लेकिन आमजन की मदद का इससे अच्छा प्लेटफार्म और किसी क्षेत्र में नहीं मिल सकता।

## डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानी

गाजियाबाद : डेढ़ लाख रुपये वेतन में भी डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करने को तैयार नहीं है। विभाग में संविदा डॉक्टर के 18 पद खाली हैं। प्रत्येक शुक्रवार को भर्ती के लिए साक्षात्कार रखा जाता है। मगर एक साल से एक भी डॉक्टर साक्षात्कार के लिए नहीं पहुंचा। जनपद में स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर के करीब 200 पद खाली है। डॉक्टर की कमी के चलते अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार लगी रहती है। इससे डॉक्टर और मरीज दोनों को ही परेशानी झेलनी पड़ रही है। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि जिले में एमएबीबीएस, एमडी डॉक्टर संविदा पर रखे जाने के प्रत्येक शुक्रवार उनके कार्यालय में साक्षात्कार रखा जाता है। स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर एमबीबीएस डॉक्टर को 55 हजार और एमडी डॉक्टर को लगभग डेढ लाख रुपए वेतन दिया जाना तय है। अतिरिक्त समय में ड्यूटी करने पर उन्हें अलग से भुगतान किया जाता है। डॉक्टर 80 हजार रुपए से पौने दो लाख रुपए तक प्रति माह कमा लेते हैं। इसके बावजूद कोई डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करना नहीं चाहता। वहीं, 17 से ज्यादा संविदा पर नौकरी करने वो डॉक्टर पिछले कई साल से अस्पताल नहीं आ रहे हैं। जिस कारण उनकी नियुक्ति को निरस्त कराए जाने के प्रयास किया जा रहा है।

# जीडीए को जगी निगम से 201 करोड़ अंशदान मिलने की उम्मीद

गाजियाबाद : दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा मेट्रो संचालित होते हुए कई माह बीत चुके हैं, लेकिन नगर निगम की ओर से अभी तक जीडीए को अपने हिस्से का अंशदान नहीं दिया। शासन स्तर पर इस मामले को लेकर हुई बैठक में मुख्य सचिव ने अपने हिस्से का अंशदान निगम को चुकाने के आदेश दिए हैं। इससे जीडीए को 201 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद जगी है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निगम को मेट्रो फेज टू का अंशदान देने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में शामिल होकर लौटे जीडीए के मुख्य अभियंता विवेकानंद सिंह ने बताया कि शासन ने नगर निगम को दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा मेट्रो फेज टू का पूरा अंशदान देने का निर्देश दिया है। बता दें कि नगर निगम अब जीडीए को 201 करोड़ रुपये देगा। जीडीए अपनी अन्य योजनाओं में मिलने वाले अंशदान की रकम का प्रयोग करेगा। नगर निगम ने पहले मेट्रो फेज टू का अंशदान देने से मना किया था। इस मामले को लेकर कई बार शासन स्तर में बैठक भी हुई, लेकिन कोई ठोस फैसला नहीं हो सका। हर बार बुक एडजस्टमेंट किए जाने का फैसला लिया गया, जिसमें निगम की पुर्नग्रहीत की गई जमीन का पैसा कागजों में एडजस्ट किया जाना था।

# डा. विश्वा ज्योत्सना को एक्सेप्शनल वीमेन ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड

गाजियाबाद : शहर के शास्त्रीनगर की डा. विश्वा ज्योत्सना को उत्कृष्ट असाधारण महिला सम्मान पुरस्कार (एक्सेप्शनल वीमेन ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड) से सम्मानित किया गया। महिला आर्थिक मंच दुनिया भर में महिला उद्यमियों की बड़ी वैश्विक सभा है। डा. विश्वा ज्योत्सना को यह पुरस्कार हाल ही में गुरुग्राम में महिला सशक्तिकरण के लिए दिया गया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्हें महिला सशक्तिकरण के लिए उन्हें ब्रिटेन में वर्ष 2008 में प्रिंस ऑफ सोशल कंट्रीब्यूशन फॉर अवार्ड मिल चुका है।

# आयुष्मान योजना का कार्ड बनाने के लिए 70 हजार परिवारों की होगी तलाश

गाजियाबाद : आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत चयनित किए गए 70 हजार परिवारों को स्वास्थ्य विभाग फिर से तलाशेगा। इसके लिए एएनएम और आशा घर जाकर सर्वे करेंगी। इसके बाद इनके कार्ड बनाए जाएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार आर्थिक रूप से पिछड़े होने पर इनका चयन हुआ था। लेकिन इनमें से 57 हजार परिवार अपने पते पर मिले थे। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक निशुल्क इलाज के लिए मेडिक्लेम पॉलिसी बनाने का प्रावधान किया गया था। इस योजना के लिए जिले में एक लाख 27 हजार परिवारों का चयन किया गया था। इनमें 21 हजार परिवार ग्रामीण और लगभग 1.06 लाख लोग शहरी इलाके से थे। शासन द्वारा सत्यापन कर रिपोर्ट तलब की गई थी। सर्वे के बाद 57 हजार परिवारों का पता मिलने पर सत्यापन हो सका था। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि वर्ष–2011 की जनगणना के आधार पर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार चयनित किए गए थे। जिन चयनित परिवारों का सत्यापन पहले नहीं हुआ था, उनकी दोबारा तलाश की जाएगी। सत्यापन होने के बाद ही उनके कार्ड बनाए जाएंगे।

# 80 लोगों के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

गाजियाबाद : सीएए और एनआरसी को लेकर कैला भट्ठा में हुए बवाल के बाद पुलिस ने 80 शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की संस्तुति की है। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बवाल की फुटेज से पता चला है कि करीब 80 शस्त्र लाइसेंस धारक ऐसे हैं, जो बवाल में शामिल हुए थे। एसएसपी के मताबिक फुटेज में असलहे देखे जाने के बाद कैला भट्ठा में कुल शस्त्र लाइसेंस धारकों की लिस्ट निकाली गई थी। वीडियो फुटेज, फोटो और इन लोगों की लोकेशन तीनों को वेरिफाइ कर 80 लोगों को चिह्नित किया गया था। इनमें से कुछ लोग लाइसेंसी असलहे लेकर आए थे।

# विजय नगर और खोड़ा में बनेंगे 50–50 बेड के अस्पताल

गाजियाबाद : एमएमजी अस्पताल में इलाज के लिए लंबी कतार में लगने वाले मरीजों के लिए राहत की खबर है। स्वास्थ्य विभाग को खोड़ा और विजय नगर में दो अस्पताल बनाने के लिए जमीन मिल गई है। एक अस्पताल के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा भी जा चुका है। नए साल में दोनों अस्पतालों के निर्माण का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। दोनों अस्पतालों के बनने से खोड़ा की पांच लाख और विजयनगर की सात लाख आबादी को फायदा मिलेगा। सीएमओ एनके गुप्ता ने बताया कि लोग शहरी क्षेत्र में चार 50–50 बेड के अस्पताल बनाने की मांग कर रहे थे। अस्पताल बनाने के लिए लोनी में जमीन आसानी से मिल गई थी। जिसके बाद वहां अस्पताल बनने काम शुरू हो गया और 60 प्रतिशत काम भी पूरा हो चुका है। वहीं, खोड़ा, वसुंधरा और विजयनगर में बनने वाले अस्पतालों की फाइलें अभी अटकी हुई हैं। खोड़ा में बनने वाले 50 बेड के अस्पताल के लिए नगर पालिका ने 1.50 एकड़ जमीन अस्पताल के लिए प्रस्तावित की है। स्वास्थ्य विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। अब शासन से हरी झंडी मिलने के बाद अस्पताल बनने में आने वाला खर्च का विवरण शासन को भेजा जाएगा। शासन से बजट जारी होने पर अस्पताल बनाने का काम शुरु हो जाएगा।

### मिलेगी राहत

विजयनगर के मरीजों को भी जिला अस्पताल में आना पड़ता है। जिस कारण जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार लगी होती है। डॉक्टर और मरीज को दोनों को ही परेशानी होती है। गर्भवती महिला, बुजुर्ग और बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है।

### जमीन की तलाश जारी

वसुंधरा में अस्पताल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अभी जमीन नहीं मिली है। आवास विकास वसुंधरा में 70 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से जमीन दे रहा है। मगर स्वास्थ्य विभाग निशुल्क जमीन लेना चाहता है। विभाग अस्पताल के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगा

# आइजीआरएस पोर्टल पर आई 76 शिकायतों का हुआ निस्तारण

गाजियाबाद : आइजीआरएस पोर्टल पर प्रशासन को मिली इस सप्ताह 76 शिकायतों को निस्तारण किया है। इसमें नगर निगम, बिजली विभाग समेत कई विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी शिकायत की थी। डीएम अजय शंकर पांडेय ने बताया कि आइजीआरएस पोर्टल और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला प्रशासन के अधिकारी गंभीर हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन जेके शर्मा के द्वारा आइजीआरएस पोर्टल एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में डिफाल्टर की श्रेणी में विभागीय अधिकारियों को भेजी गई डिटेल का तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के दिए गए थे।

# बिजेंद्र यादव बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

गाजियाबाद : कांग्रेस ने मिशन यूपी के तहत आखिरकार गाजियाबाद में जिलाध्यक्ष व मनोज कौशिक की महानगर अध्यक्ष पद ताजपोशी कर दी है। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कहा कि गांव से गली तक पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए गुटबाजी को किनारे कर सभी को साथ लेकर चला जाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद भंग हुई कांग्रेस जिला महानगर कमेटियों को यूपी मिशन के तहत मजबूती के साथ खड़ी की जा रही हैं। गाजियाबाद में महानगर व जिलाध्यक्ष पद के लिए दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए पार्टी नेताओं के समक्ष बायोडाटा दिए थे, जिसमें नौ आवेदकों का पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा ने इंटरव्यू लिया। काफी इंतजार के बाद मंगलवार को आखिरकार गाजियाबाद को छह साल बाद बिजेंद्र यादव के रूप में कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष मिला। वहीं, महानगर अध्यक्ष पद पर मनोज कौशिक की ताजपोशी हुई है। बिजेंद्र यादव वर्ष 1989 में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष बने। इसके बाद 1993 में यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष, वर्ष 1997 में यूथ कमेटी के जिलाध्यक्ष, वर्ष 2003 में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, वर्ष 2013 में जिलाध्यक्ष, वर्ष 2015 में प्रदेश महामंत्री, वर्ष 2018 में एआइसीसी सदस्य एवं वर्ष 2019 में उन्हें पुनरू जिले की कमान सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि शहर से गांव–गली तक कांग्रेस के संगठन को मजबूत बनाना और गुटबाजी को खत्म कर सभी को साथ लेकर चलना प्राथमिकता में शामिल होगा।

# नेशनल एयर पिस्टल शूटिंग में देवांशी ने जीता रजत

गाजियाबाद : मध्य प्रदेश के भोपाल के न्यू एमपी शूटिंग एकेडमी में आयोजित 63वीं राष्ट्रीय शूटिंग चौंपियनशिप में देवांशी धामा ने रजत पदक हासिल किया है। शहर के राजनगर निवासी देवांशी धामा ने एयर पिस्टल 10 मीटर में 600 में से 571 अंक हासिल कर वरिष्ठ महिला वर्ग व्यक्तिगत में रजत पदक हासिल किया है। वहीं, युवा महिला वर्ग टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। शिवांगी धामा ने जूनियर महिला वर्ग व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। यहां रैना शूटिंग रेंज में अभ्यास करने वाली देवांशी धामा इससे पूर्व गत वर्ष जर्मनी में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप शूटिंग चौंपियनशिप 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

# आरटीओ कार्यालय में सर्वर डाउन होने से कामकाज प्रभावित

गाजियाबाद : पिछले दो दिन से परिवहन संभागीय कार्यालय का सर्वर डाउन होने के चलते कामकाज प्रभावित रहा। यहां ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आए लोग काफी देर लाइन में खड़े होने के बाद वापस लौट गए। विभागीय अधिकारियों की माने तो सर्वर में दिक्कत आने से कामकाज भी प्रभावित हुआ है। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके आवेदकों के लिए बायोमीट्रिक प्रक्रिया पूरी कराने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सोमवार से आरटीओ कार्यालय में सर्वर डाउन होने से लोग लाइन में तो लग रहे हैं, लेकिन प्रक्रिया पूर्ण न होने के चलते बैरंग लौट रहे हैं। मंगलवार को लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही सर्वर डाउन रहा। सुबह 9 बजे के बाद से ही लोग लाइन में लग गए। डेढ़ बजे तक सर्वर नहीं चल सका। इस दौरान लोगों ने विरोध किया और अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। लोगों का कहना था कि दो दिन से वह अपना काम छोड़कर यहां आ रहे हैं, लेकिन घंटों लाइन में लगने के बाद ऐसे ही वापस लौटना पड़ रहा है। कुछ लोगों का कहना था कि जो तिथि उन्हें ऑनलाइन मिली थी वह भी निकल चुकी है। इस स्थिति में उनकी ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया कैसे पूरी होगी।

**EDITORIAL**

## Undoing harms: about criticism on Citizenship Amendment Act

**As** the Centre tries to fend off criticism that its Citizenship (Amendment) Act excludes Muslims from its beneficial provisions and quell strident protests, it must look for ways to undo the incalculable harm caused by fears set off by the law. Indications that it is open to suggestions on the rules to implement the CAA are welcome. However, these should not be confined to the proposed rules. The government must heed the call for meaningful changes that would dispel fears gripping the country, especially minorities. The stated objective is the fast-tracking of applications from minorities from three Muslim-majority neighbourhood countries for citizenship by naturalisation. Can't this be achieved without violating the Constitution or its secular ideals? A first step would be to further amend the Act, even by an ordinance, to drop its religion-specific wording, and make it explicit that the benefit would be open to all undocumented migrants who can prove persecution in their home countries. For allowing a Hindu, Sikh, Christian, Jain, Buddhist or Parsi to apply for citizenship after staying in the country for six years, there is no need to bar Muslims from making a similar claim. It is only an enabling law and does not oblige the government to grant citizenship to anyone. And Muslims and atheists have been persecuted in these and other countries by authorities and dominant sections.

Regarding others such as Sri Lankan refugees, the legal bar on their applying for citizenship stands out. A 2004 amendment to the citizenship law introduced a clause that 'illegal migrants' will not be eligible to apply for citizenship. The definition of 'illegal migrants' as those who arrived without valid travel documents includes refugees. A provision of the present CAA is to remove this 'illegal' tag from non-Muslim minorities from Bangladesh, Afghanistan and Pakistan. Dropping the reference to 'illegal migrants' will automatically enable any refugee to apply for citizenship, subject to the residential requirement. Therefore, a general enabling provision to allow a relaxation of the minimum residency requirement will serve the purpose of considering citizenship to any persecuted people. This would be non-discriminatory, without obligation to grant citizenship. Finally, India should enact a refugee law wherein the right to live a life without fear or confinement can be protected. If the fear is that people may seek permanent asylum, the UNHCR can work with them officially for their voluntary repatriation, and without rendering long-term refugees ineligible for applying for citizenship. Finally, the government must end the process once the National Population Register is updated. It must give up the notion of a citizenship register. No good will come out of setting off a clamour for inclusion and panic over possible exclusion. That is a pain Indians of all persuasions can do without.

**-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

## निगम को देनी होगी अंशदान की राशि

गाजियाबाद : शहीद स्थल न्यू बस अड्डा से दिलशाद गार्डन तक मेट्रो लाइन के निर्माण में नगर निगम ने 201 करोड़ रुपये का अंशदान नहीं दिया है। इस संबंध में सोमवार को लखनऊ में मुख्य सचिव ने बैठक कर निर्देश जारी किया कि निगम अवस्थापना निधि से अंशदान का भुगतान करे। चाहे तो निगम किस्त बंधवा सकता है। एलएमसी की जमीन के एवज में अंशदान की राशि को समायोजित किए जाने के प्रस्ताव को उन्होंने खारिज कर दिया। इस बैठक में जीडीए की तरफ से वीसी और मुख्य अभियंता पहुंचे थे।

## परिवार न्यायालय में हुई दो न्यायाधीशों की नियुक्ति

गाजियाबाद : परिवार न्यायालय से जुड़े केसों में अब तेजी आएगी। जिले में पिछले दिनों गठित हुई तीन नई अदालतों में से दो अदालत बिना न्यायाधीश के खाली चल रही थी। ऐसे में खाली चल रही दोनों अदालत में हाईकोर्ट ने दो न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। दो न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद अब गाजियाबाद में चार परिवार न्यायालय बनाए गए हैं। कोर्ट मैनेजर मनोज मिश्रा ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की दो परिवार न्यायालय में दो न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। अभी तक केवल दो परिवार न्यायालय में ही सुनवाई चल रही थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद न्यायाधीश अपर्णा तिवारी व मानवर्धन सिंह ने सोमवार से काम शुरू किया। वहीं, अन्य दो न्यायालयों में न्यायाधीश अनीता राज और प्रतिभा सक्सेना पहले से केसों की सुनवाई कर रही थी। उन्होंने बताया कि अब चार न्यायालय बन जाने से परिवार विवाद से जुड़े केसों के निस्तारण में तेजी आ जाएगी। बता दें कि गाजियाबाद में परिवार विवाद से जुड़े करीब साढ़े तीन हजार केस विचाराधीन है, जिनकी सुनवाई लगातार की जा रही है। ऐसे में अब नई अदालत ओर शुरू हो जाने के बाद सभी केसों को चारों अदालतों में बांट दिया जाएगा, जिसके बाद केसों में लंबी तारीख नहीं लगेंगी।

## बीएसएनएल के 510 में से 268 कर्मचारी लेंगे वीआरएस

गाजियाबाद : राजनगर स्थित बीएसएनएल विभाग से जुड़े गाजियाबाद और हापुड़ के कर्मचारियों ने हाल में वीआरएस के लिए आवेदन किया है। गाजियाबाद और हापुड़ के कुल 510 कर्मचारियों में से 268 ने इसके लिए आवेदन किया है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी 2020 को सभी 268 कर्मचारी रिटायर्ड हो जाएंगे। इनमें विभाग के डीजीएम, एजीएम, एसडीओ, क्लर्क और टेलीफोन मैकेनिक शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो केंद्र सरकार के दवाब बनाने के बाद सभी कर्मचारियों ने वीआरएस के लिए अप्लाई किया है।

## तीन अवैध यूनिपोल काटे, 90 बोर्ड हटाए

गाजियाबाद : सड़कों से अवैध यूनिपोल, होर्डिंग और बोर्ड हटाने के लिए सोमवार को नगर निगम ने अभियान चलाया। तीन यूनिपोल काटे गए। 90 से ज्यादा अवैध बोर्ड हटाए गए। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है कि जिन लोगों ने अवैध यूनिपोल और बोर्ड लगाए, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाए। उन पर जुर्माना भी लगाया जाए। नगर निगम की टीम ने क्रॉसिंग रिपब्लिक और विजयनगर क्षेत्र में तीन अवैध यूनिपोल काटे। निगम ने पहले इन्हें लगाने वाली एडवरटाइजिंग एजेंसियों को नोटिस जारी किया था। उसके बावजूद एजेंसियों ने यूनिपोलों को नहीं हटाया। इस पर निगम को इन्हें काटना पड़ा। यहां से लौटते वक्त निगम की टीम ने देखा कि सिद्धार्थ विहार विजयनगर रोड पर बिजली और स्ट्रीट लाइट के खंभों पर अवैध बोर्ड लगे हुए हैं। इस पर यहां से बोर्ड हटाने का अभियान छेड़ा गया। 90 से ज्यादा बोर्ड हटाए गए। जिन प्रतिष्ठानों, कंपनियों और एजेंसियों ने बोर्ड लगाए, उनकी सूची तैयार कर ली गई है। जल्द उन्हें जुर्माने के नोटिस भेजे जाएंगे। नगर आयुक्त के निर्देश पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### जब्त की पॉलीथिन

कविनगर क्षेत्र में सोमवार को मेयर आशा शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान ठेल पर सामान बेचने वालों के पास से पॉलीथिन जब्त की गई। ठेल वालों को चेतावनी दी गई कि दोबारा निरीक्षण के दौरान पॉलीथिन मिली तो जुर्माना किया जाएगा। इस दौरान खरीदारी के लिए कपड़े का थैला प्रयोग करने वाले व्यक्ति मोहन को मेयर ने 200 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### बिल्डरों ने जीडीए पर लगाया उत्पीडन का आरोप

गाजियाबाद : आवासीय क्षेत्रों में बहुआवासीय इकाईयों का निर्माण करने वाले बिल्डरों ने सोमवार को जीडीए में ओएसडी सुशील कुमार चौबे को ज्ञापन सौंपा। बिल्डर वेलफेयर एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष राजीव शर्मा और ट्रांस हिंडन बिल्डर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने जीडीए पर छोटे बिल्डरों के उत्पीडन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड बैठक में आवासीय भूखंड पर बहुआवासीय इकाईयों के निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृति प्रक्रिया को स्थगित करने का प्रस्ताव रखा जा रहा है। ऐसे में सिर्फ एक मंजिल इकाई बनाने की इजाजत मिलेगी। इससे लोगों को भी परेशानी होगी। उनके रहने को घर नहीं मिल पाएगा।

## जीडीए की बोर्ड बैठक स्थगित, अब जनवरी में होगी

गाजियाबाद : जीडीए की 155वीं बोर्ड बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक 27 दिसंबर को प्रस्तावित थी। इसमें 13 प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी। जीडीए अधिकारियों की मानें तो अब बैठक जनवरी के प्रथम सप्ताह में होगी। इस बोर्ड बैठक में राजेंद्र नगर, इंद्रप्रस्थ, इंदिरापुरम, कौशांबी, स्वर्णजयंतीपुरम, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–एक, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–दो और शालीमार गार्डन मेन में आवासीय भूखंड पर बहुआवासीय इकाईयों का निर्माण करने के लिए मापदंड निर्धारित किए जाने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा जाना था। इसके साथ यह प्रस्ताव भी था कि जब तक नियम नहीं बन जाते, मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को स्थगित रखा जाए। मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना में आवंटित भूखंडों की कीमत 7550 रुपये प्रति वर्ग मीटर और गैर आवंटित भूखंडों की कीमत 22 हजार से 32 हजार 25 रुपये करने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी प्रस्तावित थी। नेहरूनगर के गोदाम की जमीन का भू–उपयोग आवसीय में परिवर्तित करने, आइजीएल को सीएनजी पंप के लिए अनुमति दीने, इंदिरापुरम के शक्तिखंड–चार के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन करने, हाईटेक–इंटीग्रेटेड टाउनशिप की प्रगति, आवंटियों के लिए किस्तों की अवधि बढ़ाने, जीडीए संपत्तियों की सुरक्षा के लिए होम गार्ड नियुक्त करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाना था।

## Man shot at in Ghaziabad, admitted to a private hospital in critical condition

**GHAZIABAD:** A 25-year-old sanitary businessman was shot in the neck by a miscreant on Sunday evening on GT road under Kotwali police station. The victim identified as Manish Yadav has been admitted to Yashoda Hospital in critical condition. The miscreants had come in a black and after shooting Manish managed to flee from the spot. Cops, who reached the spot after coming to know about the incident, said prima facie animosity seems to be the cause behind the murder. Manish and the accused's families have been involved in a feud for the past 15 years in which three people lost their lives. SP (city) Manish Kumar Mishra, who reached the spot, said that Manish, who is a resident of Shahpur Bamhata, runs a sanitary business on GT Road in Kotwali area. The incident took place around 7pm when Manish closed his shop and was going to sit in his car which was parked outside. During this time, a young man came and fired on Manish's neck. According to police, the black car was parked near Manish's Mercedes car. A person was already sitting in it.

## 2 agencies to get notice over trash

**NOIDA**: Show-cause notices will be sent by Noida Authority to two contractors who were given the responsibility of cleaning up waste from 22 busy markets of the city. To improve its Swachh ranking, the Authority had decided to outsource sweeping of commercial areas to contractors. From December 4, it handed over cleaning of 22 main markets, including Brahmaputra, Ganga Shopping, Alaknanda, Hanuman Singh, Gulmohar, car market, Savitri, Godavari, TOT Mall, Shri Ram Palace, etc.

# Guard molests 9-year-old at Ghaziabad highrise, booked

**GHAZIABAD:** A security guard of a highrise in Raj Nagar Extension was booked on Thursday for allegedly molesting a nine-year-old girl inside the housing society on Wednesday evening. Police said the guard, Navneet Kumar, molested the Class 4 student when she was returning home from her basketball coaching that takes place inside the society. “The security guard stopped her near a sitting area inside the society and started touching her inappropriately. She tried to resist, but he held her hand too tightly. She somehow managed to escape,” said the minor’s mother, who is a housewife. Her father works as a software engineer in a private company. When the girl reached home and told her parents about the incident, they rushed her to a private hospital for medical examination and thereafter filed a complaint. Kumar, a native of Modinagar, has been booked under IPC sections 354 and 354-A and also under sections 7 and 8 of Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act.

### ‘Build wall to stop sale of junk food near schools’

**NOIDA:** All schools should impose restrictions on the sale of junk food within a 100-yard radius, just like they do with cigarettes, stated environmentalist and founder of the Centre for Science and Environment, Sunita Narain. A CSE study based on laboratory tests conducted by them between July and November, 2019 found levels of salt, fat and sugar much higher than thresholds set by the Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) in such food. She added that a lack of upfront labelling to alert consumers of this high content of sugar, salt and fat, fails to dissuade parents from stopping children from consuming junk food.

## Subsidised rates for tests at government facility

